web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 07 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 42

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बस स्टैंड में इंतजार कर रहे यात्रियों पर चढ़ी बस, तीन लोगों की मौत

**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** विजयवाड़ा में सोमवार को पंडित नेहरू बस स्टैंड पर इंतजार कर रहे यात्रियों पर एक बस के चढऩे से तीन लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। राज्य के स्वामित्व वाली आंध्र प्रदेश राज्य सडक़ परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की बस बाड़ से टकराकर प्लेटफॉर्म पर चढ़ गई और यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ितों में एक बस कंडक्टर, एक महिला और एक लडक़ा शामिल है। घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। यह दुर्घटना प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर उस समय हुई जब गुंटूर के लिए एपीएसआरटीसी मेट्रो लग्जरी बस यात्रियों को लेने के लिए वहां पहुंची थी। पुलिस को संदेह है कि ड्राइवर ने रिवर्स गियर की बजाय पहला गियर डाला, जिससे यह हादसा हुआ।

### ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर ट्रक गहरी खाई में गिरा, दो घायल

**चमोली (आरएनएस)।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर एक ट्रक गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में वाहन सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने वाहन में फंसे चालक को बमुश्किल बाहर निकाला। दोनों घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। हादसे का कारण नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ट्रक ऋषिकेश से सामान लेकर पीपलकोठी जा रहा था। वहीं अंधेरा होने के कारण चालक को नींद की झपकी आने से वाहन हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोचर चौकी प्रभारी, मानवेंद्र सिंह गुसांई ने बताया कि गौचर में एक ट्रक डॉट पुलिया के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। पुलिस और एसडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने हेल्पर को वाहन से बाहर निकाला। वहीं वाहन चालक बस में फंसा हुआ था, जिसे टीम ने बमुश्किल बाहर निकाला। जिसके बाद दोनों घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

### यूपी के सुल्तानपुर में बस ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो की मौत

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती देर शाम सुल्तानपुर डिपो की बस ने एक बाजार के पास एक ओवरब्रिज पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार 32 वर्षीय संदीप शर्मा और 26 वर्षीय संतोष शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद बस चालक बस छोडक़र मौके से भाग गया। पुलिस ने बताया कि मृतक एक पारिवारिक समारोह से घर लौट रहे थे।

### असम में मधुमक्खियों के हमले से व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के तामुलपुर जिले में मधुमक्खियों के झुंड के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना जिले के नागरीजुली इलाके में हुई। मृतक की पहचान 48 वर्षीय सोबीराम बोरो के रूप में हुई है। मृतक नागरीजुली हाई स्कूल में कार्यालय सहायक के रूप में काम करता था। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई] जब सोबीराम बोरो और एक अन्य व्यक्ति बोर्नडी नदी की ओर अपनी सामान्य सुबह की सैर के लिए निकले थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि नदी के किनारे पहुंचते ही मधुमक्खियों के झुंड ने दोनों को घेर लिया। बोरो का साथी पानी में कूद गया और अपनी जान बचा सका, लेकिन उसे कुछ चोटें आईं हैं। बोरो हमले से बचने में असमर्थ रहा, और कुछ ही सेकंड में, 500 से अधिक मधुमक्खियों ने उसके पूरे शरीर पर डंक मार दिया, जिससे वह बेहोश हो गया।इसके बाद उन्हें तत्काल नागरिजुली अस्पताल ले जाया गया। लेकिन जैसे ही उनकी हालत बिगड़ती गई, उन्हें अच्छे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही बोरो की मौत हो गई। वहीं, दूसरे शख्स का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# दर्दनाक हादसा : हाईवे से रेलवे ट्रैक पर गिरी बस, दो महिलाओं समेत चार की मौत; 27 लोग घायल



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के दौसा में बीती देर रात एक यात्री बस पुल से रेलवे ट्रैक पर गिर गई, जिससे दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए वहीं रेलमार्ग भी बाधित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर मंडल के बांदीकुई-जयपुर रेलखंड के भांकरी-दौसा रेलखंड के मध्य दौसा कलेक्ट्रेट के पास ओवरब्रिज पर देर रात लगभग ढाई बजे बस अनियंत्रित होकर पुल की रैलिंग तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। हादसे में चार लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल लोगों को जयपुर रैफर किया गया।

हादसे के कारण जयपुर -दिल्ली रेल मार्ग बाधित हुआ। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इससे रेलमार्ग का अप एवं डाउन ट्रैक बाधित हुए। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर जयपुर से दुर्घटना राहत गाड़ी रवाना की गई। रेल प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुटे। रोड क्रेन की मदद से प्रात: 04.45 बजे यात्री बस को हटाया तथा रेलवे ट्रैक को क्लियर किया।उन्होंने बताया कि सुबह 05.05 बजे रेलवे ट्रैक को रेल संचालन के खोल दिया गया। उन्होंने बताया इस कारण गाड़ी संख्या 12957 , अहमदाबाद-नई दिल्ली रेलसेवा एवं गाड़ी संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती रेल सेवा प्रभावित हुई।

## कार और ट्रक के बीच भीषण भिड़ंत- पांच लोगों की मौत



**मोगा (आरएनएस)।** पंजाब के मोगा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवा दिया है।
साथ ही कार और ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार हादसा कस्बा फतेहगढ़ पंजतुर के गांव कड़ाहे वाला के नजदीक देर रात करीब दो बजे हुआ। यहां ट्रक और वरना गाड़ी की जोरदार टक्क र हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोगा जिले के गांव शेरपुर तैयबा के रहने वालों के तौर पर हो रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है की घटना सुबह करीब दो और तीन बजे के बीच हुई है। बता दें मोगा में अजितवाल कस्बे के निकट सडक़ हादसा हुआ। फाजिल्का के गांव फौजा से लुधियाना के बद्दोवाल में जा रही दूल्हे की कार सडक़ पर पराली से भरे खड़े ट्राला से जा टकराई। हादसे में दूल्हा सुखबिंदर सिंह सहित चार की मौत हो गई थी।

## नगरासू में निर्माणाधीन सुरंग में रखे केमिकल में लगी आग, 44 मजदूरों को बचाया



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के तहत नगरासू में निर्माणाधीन सुरंग में रखे केमिकल में सोमवार को आग लग गई। इस दौरान सुरंग के अंदर 44 मजदूर काम कर रहे थे जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया। आग पर समय रहते काबू कर लिया गया।

सुरंग में आग की सूचना पर मौके पर तुरंत पहुंचे एसडीआरएफ व डीडीआरएफ के जवानों ने आग को बुझाया और सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। एसडीआरएफ और डीडीआरएफ के जवान अगर समय पर नहीं पहुंचते तो स्थिति भयावह हो सकती थी।

दरअसल, रुद्रप्रयाग के घोलतीर नगरासू सौड मे रेल निर्माण मे लगी मेघा कम्पनी की टनल टी 15 पी1 पोस्ट के स्टार्टिंग पॉइंट से 1 किलोमीटर अंदर केमिकल में आग लगने से वहां अफरातफ़री मच गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस, चौकी घोलतीर पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची।

जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि टनल मे कार्य कर रहे 44 मजदूर को तत्काल सुरक्षित बाहर निकला गया है। अब स्थिति सामान्य हो चुकी हैं, किसी भी प्रकार की कोई जनहानि/नुकसान नहीं हुआ है।

## राजधानी और वंदे भारत एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी, रेलवे प्रशासन में मचा हड़कंप



**पटना (आरएनएस)।** बिहार के बक्सर के पास नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना से लोग अभी उबरे ही नहीं हैं कि शताब्दी और वन्दे भारत उड़ाने की धमकी भरे पत्र ने रेलवे को परेशान कर दिया है। पुलिस ने हालांकि पत्र भेजने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल , पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल के स्टेशन प्रबंधक को साधारण डाक से एक पत्र मिला, जिसने धमकी दी गई कि थी डेढ़ करोड़ रुपए दो नहीं तो नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की तरह राजधानी, शताब्दी और वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उड़ा देंगे।

पत्र में यह भी कहा गया था कि पत्र की अनदेखी करने पर पहले ही नार्थ-ईस्ट का हाल देख चुके हैं। स्टेशन प्रबंधक ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इस दौरान स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई और पुलिस जांच में जुट गई है। पत्र में लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर जब पुलिस तहकीकात में जुटी तब यह नंबर पटना के रामकृष्णानगर के रहने वाले कमलदेव सिंह का निकला। पुलिस तत्काल उनके आवास पर पहुंच गई। कमलदेव से पूछताछ में पता चला कि उसने चि_ी नहीं लिखी थी। इसके बाद राइटिंग की जांच से पता चला कि सही में उसने नहीं लिखा था।

पूछताछ के दौरान कमलदेव ने बताया कि यह काम बहादुरपुर निवासी कामता प्रसाद का है। वह पटना सिटी के एक स्कूल में पढ़ाता है। उन्हें जेल भेजवाने के लिए कामता प्रसाद ने यह साजिश रची है। इसके बाद पुलिस कामता प्रसाद के घर पहुंची। जांच के दौरान मिले सबूत के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कामता पेशे से शिक्षक बताए जाते हैं।

## ईडी का एक्शन, रांची जेल के सुपरिंटेंडेंट सहित तीन जेल अफसरों को भेजा समन




**रांची (आरएनएस)।** ईडी ने रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के सुपरिंटेंडेंट हामिद अख्तर, जेलर नसीम खान और बड़ा बाबू को पूछताछ के लिए समन भेजा है। इन सभी पर जेल में बंद माइनिंग स्कैम, लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों को मदद पहुंचाने के साथ-साथ ईडी के अफसरों को नुकसान पहुंचाने की तथाकथित साजिश में शामिल होने का आरोप है।

ईडी ने इससे संबंधित पुख्ता सूचनाओं के आधार पर बीते तीन नवंबर को कोर्ट की इजाजत से जेल में छापेमारी की थी। ईडी ने 7 नवंबर को बड़ा बाबू, 8 को जेलर और 9 नवंबर को जेल अधीक्षक को पूछताछ के लिए एजेंसी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

सनद रहे कि ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में दिए गए आवेदन में कहा था कि झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद कुछ अभियुक्त ईडी के अफसरों को झूठे मुकदमे में फंसाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। ईडी का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त उनके अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों के भी संपर्क में हैं। इसकी पूरी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई थी।

एजेंसी ने जेल के कुछ सीसीटीवी फुटेज जब्त किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। आरोप है कि जेल प्रशासन ने कई सीसीटीवी फुटेज जानबूझकर डिलीट कर दिए। पिछले एक साल में यह तीसरी बार है, जब रांची के बिरसा जेल के सुपरिंटेंडेंट को ईडी के समक्ष हाजिर होना पड़ेगा। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों की मदद करने और जेल में उन्हें अनुचित सुविधाएं-सेवाएं उपलब्ध कराने के मामले में ईडी रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के सुपरिंटेंडेंट हामिद अख्तर से बीते जून महीने में पूछताछ कर चुकी है।

जेल प्रशासन पर जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कैदी निलंबित आईएएस छवि रंजन और एक अन्य आरोपी प्रेम प्रकाश की मीटिंग अरेंज कराने का आरोप लगा था। इसके पहले बीते साल दिसंबर महीने में भी ईडी ने एक हजार करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के किंगपिन पंकज मिश्र की मदद करने के मामले में भी जेल सुपरिंटेंडेंट से पूछताछ की थी।

जेल में बंद रहते हुए भी पंकज मिश्र ने 300 से ज्यादा फोन कॉल्स किए थे। इस पूरे मामले में जेल में बंद पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश केंद्र में है। ईडी को सूचना है कि वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में अपना सिंडिकेट चला रहा है। ईडी को नुकसान पहुंचाने के लिए क्या करना है, क्या नहीं करना है, इस पर योजना बना रहा है। वह ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के लिए भी कोशिश में जुटा है। वह गवाहों को यह भी समझा रहा है कि ईडी के अधिकारियों के विरुद्ध एसटी/एसटी अधिनियम में केस दर्ज कराकर उन्हें फंसाए। इससे ईडी का केस कमजोर होगा।

## गुवाहाटी में भीषण आग में 19 दुकानें जलकर खाक



**गुवाहाटी (आरएनएस)।** गुवाहाटी में भीषण आग में कम से कम 19 दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना बीती देर रात बारबरी तिनियाली बाजार में हुई। पुलिस ने कहा कि भीषण आग से दुकानें जलकर राख हो गईं, जिनमें से अधिकांश दुकानें फल और सब्जियों की थी। हालांकि, बारबरी इलाके के स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि अज्ञात बदमाशों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया होगा, जिसके चलते भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाडिय़ों को लगाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## कर्नाटक भूविज्ञानी हत्याकांड : बर्खास्त ड्राइवर ने की थी गला रेतकर हत्या

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** खान एवं भूविज्ञान विभाग की उपनिदेशक प्रतिमा की राज्य की राजधानी के डोड्डाकलासंद्रा स्थित आवास पर मृत पाए जाने के एक दिन बाद पुलिस ने सोमवार को कहा कि उनके पूर्व कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बेंगलुरु ग्रामीण जिले में उप निदेशक के रूप में कार्यरत 45 वर्षीय वरिष्ठ भूविज्ञानी प्रतिमा की रविवार को उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी। पहले उनका गला दबाया गया था और फिर धारदार हथियार से रेंता गया था। पुलिस ने कहा कि क्षेत्राधिकारी सुब्रमण्यपुरा पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और संदेह के आधार पर तीन गिरफ्तारियां कीं। उनमें से एक प्रतिमा पूर्व ड्राइवर किरण कथित हत्यारा निकला। आरोपी अनुबंध के आधार पर काम करता था और पिछले सप्ताह उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार, उस पर अधिकारियों की महत्वपूर्ण जानकारी और गतिविधियों को लीक करने का आरोप था। मृतक प्रतिमा ने उससे इस संबंध में सवाल किया था और उसे फटकार लगाई थी। हालांकि, किरण ने अपना रवैया नहीं बदला और सूचनाएं लीक करना जारी रखा, इसलिए उसे बर्खास्त कर दिया गया। आरोपी ने प्रतिमा के प्रति द्वेष भावना के कारण उसे मारने का फैसला किया। वह जानता था कि प्रतिमा अपने फ्लैट पर अकेली रहती है। शनिवार की रात, वह उनके फ्लैट में घुसने में कामयाब रहा और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। उसने उसका गला भी रेत दिया। प्रतिमा के भाई प्रतीश ने शनिवार रात उसे फोन किया था, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सुबह जब दोबारा कॉल का जवाब नहीं मिला तो वह फ्लैट पर आया। जब उसने घंटी बजाने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिडक़ी से झाँकने की कोशिश की और उसका शव देखा।

## अतीक अहमद की 12.42 करोड़ की संपत्ति कुर्क

- धमका कर कराई गई थी राजमिस्त्री के नाम रजिस्ट्री
- अब बंगाल होटल पर हुई फाइल तैयार, 6 करोड़ की आंकी गई है कब्जा की हुई संपत्ति

**प्रयागराज (आरएनएस)।** गौसपुर कटहुला में माफिया अतीक की 12.42 करोड़ की बेनामी संपत्ति को आज पुलिस ने कुर्क कर दिया है। एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार पुलिस टीम के साथ गौसपुर कटौहला पहुंचे और फिर कुर्की की कारवाई की।

अतीक की बेनामी संपत्ति पर कुर्की का बोर्ड लगाकर मुनादी करवाई गई। शनिवार को पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा की कोर्ट कुर्क करने का आदेश दिया था। माफिया ने लालापुर निवासी राजगीर हुबलाल को आठ साल पहले उसके नाम पर करीब 25 बीघा जमीन अतीक ने दूसरे लोगों से रजिस्ट्री करवाई थी। इसी संपत्ति को खुल्दाबाद थाने में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में चिन्हित किया गया था। इसी जमीन का सौदा करने के लिए जुलाई में अतीक का वकील विजय लखनऊ गया था, जहां से उसे पकड़ा गया था।

पूरामुफ्ती के गौसपुर कटहुला में 12.42 करोड़ की संपत्ति को कुर्क करने के बाद पुलिस की नजर अब अतीक अहमद की दो और संपत्तियों पर है। शाहगंज स्थित बंगाल होटल व 200 वर्ग गज प्लॉट की फाइल तैयार कर ली गई है। अब जल्द ही पुलिस आयुक्त कोर्ट को रिपोर्ट भेजकर इन दोनों संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति मांगी जाएगी।

शाहगंज के मिन्हाजपुर में स्थित बंगाल होटल पर अतीक की हिस्सेदारी का पता पुलिस को पिछले दिनों चला था। जांच की गई तो यह बात सामने आई कि पहले किराये पर होटल चलाने को इसके मालिक से अनुबंध किया गया। इसके बाद अतीक अहमद ने अपने लोगों की मदद से होटल के आधे हिस्से पर कब्जा कर लिया। विरोध पर उसे बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में होटल की जमीन को तीन हिस्सों में कराकर बैनामा कराया गया। जिसमें एक हिस्सा अतीक के नाम पर था। इस मामले में शाहगंज थाने में अतीक समेत अन्य लोगों पर एफआईआर भी हुई। हालांकि कोई कार्रवाई नहीं हुई।

2008 में बसपा सरकार में होटल को कुर्क किया गया था। हालांकि बाद में अतीक ने इसे मुक्त करा लिया और अपने गुर्गों को इसे रहने के लिए दे दिया। इसके अलावा होटल के पीछे काटजू रोड पर शाइस्ता परवीन के मालिकाना हक वाली 200 वर्ग गज जमीन की भी जानकारी पुलिस को मिली।

जांच पड़ताल में पता चला कि अतीक ने दबंगई से औने-पौने दाम पर यह जमीन शाइस्ता के नाम खरीदी थी।